Number of Pages in Booklet : ...
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : ...
Number of Questions in Booklet : 100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

# ABST

## Subject Code / विषय कोड - 07

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........................................

OMR Serial Number/ओ. एम. आर. क्रमांक : ..........................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........................................

Signature of Invigilator /वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........................................

**Time/समय : Two hours/ दो घण्टे** **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 01 to serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets by using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ.एम. आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना हैं।
8. नकारात्मक अंक प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्नों के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा।

1. Which state government has launched "Mahaswayam Portal" for job seekers and employers ?

(A) Kerala (B) Rajasthan

(C) Haryana (D) Maharashtra

2. The term 'Yavanika' meant ________ .

(A) Foreign Goods (B) Dancer

(C) Curtain (D) Theatre

3. The element present in the largest amount in rocks and minerals is ________.

(A) Graphite (B) Zinc

(C) Lead (D) Silicon

4. 'Alice in Wonderland', the famous TV serial is based on a book written by ________.

(A) Father Discoste (B) Lewis Caroll

(C) Thomas Hardy (D) Charles Dickens

5. In a certain code 'CLIMATE' is written as BUFLJMD. How is 'ORDERLY' written in that code ?

(A) SMZDESP (B) ZMSDPSE

(C) PSTDESP (D) ZMSFESP

1. रोज़गार-इच्छुक तथा नियोक्ताओं के लिये किस राज्य सरकार ने 'महास्वयम् पोर्टल' का लोकार्पण किया है ?

(A) केरल (B) राजस्थान

(C) हरियाणा (D) महाराष्ट्र

2. 'यवनिका' शब्द का आशय है ________ ।

(A) विदेशी सामान (B) नर्तक

(C) परदा (D) नाटक

3. चट्टानों तथा खनिजों में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है :

(A) ग्रेफाइट (B) जस्ता

(C) सीसा (D) सिलिकन

4. प्रसिद्ध दूरदर्शन धारावाहिक 'Alice in Wonderland' किसके द्वारा लिखित पुस्तक पर आधारित हैं ?

(A) फादर डिस्कॉस्टे (B) ल्यूस केरॉल

(C) थामस हार्डी (D) चार्ल्स डिकन्स

5. किसी कूट में यदि 'CLIMATE' को BUFLJMD लिखा जाता है, तो 'ORDERLY' को कैसे लिखा जायेगा ?

(A) SMZDESP (B) ZMSDPSE

(C) PSTDESP (D) ZMSFESP

6. Pointing to an old man, Ram said, "His son is my son's uncle." How is the old man related to Ram ?

(A) Father (B) Uncle

(C) Brother (D) Grandfather

7. Complete the series __________.

(A) IJX (B) JGU

(C) JGW (D) JHV

8. Choose the word opposite in meaning to the word - "Despair."

(A) Unskilled (B) Cheerful

(C) Modern (D) Tolerant

9. Fill in the blank with correct word :

Creative people are often __________ with their own uniqueness.

(A) unbalanced (B) dissatisfied

(C) deranged (D) obsessed

10. Choose the correctly spelt word :

(A) Allottment (B) Allotment

(C) Alotment (D) Allowtment

6. वृद्ध व्यक्ति की तरफ इशारा करते हुये राम ने कंहा, ''उनका बेटा मेरे बेटे का अंकल है।'' वृद्ध व्यक्ति राम से किस तरह सम्बन्धित हैं ?

(A) पिता (B) अंकल

(C) भाई (D) दादा

7. शृंखला पूरी करिये।

(A) IJX (B) JGU

(C) JGW (D) JHV

8. Despair शब्द का विपरीतार्थक शब्द चुनिये।

(A) Unskilled (B) Cheerful

(C) Modern (D) Tolerant

9. उचित शब्द से रिक्त स्थान भरिये :

Creative people are often __________ with their own uniqueness.

(A) unbalanced (B) dissatisfied

(C) deranged (D) obsessed

10. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनिये :

(A) Allottment (B) Allotment

(C) Alotment (D) Allowtment

11. AS-6 is concerned to what ?

(A) Disclosure of Accounting policies

(B) Valuation of Inventories

(C) Cash Flow Statement

(D) Depreciation Accounting

12. The application money must not be less than _________ of the issue price of share (As per SEBI Guidelines).

(A) 5% (B) 10%

(C) 20% (D) 25%

13. In balance sheet, the discount given on issue of share is shown under the heading of _________.

(A) Tangible Assets

(B) Intangible Assets

(C) Current Assets

(D) Other Non-Current Assets

14. Loss on issue of Debentures can be written off from :

(A) Capital profits

(B) Revenue profits

(C) Above (A) and (B)

(D) None of the above

15. Profit on sale of Debenture Sinking Fund Investment is transferred to :

(A) Debenture Sinking Fund A/c

(B) Profit and Loss A/c

(C) General Reserve A/c

(D) Capital Reserve A/c

16. Given :

| | |
|---|---|
| Redeemable Pref. Share Cap. | ₹ 10,000 |
| General Reserve | ₹ 2,100 |
| Securities Premium | ₹ 100 |

Preference shares are to be redeemed at 10% premium. Calculate required minimum number of new equity shares of ₹ 10 each issuable at 10% premium to redeem the preference shares.

(A) 800 equity shares

(B) 790 equity shares

(C) 1000 equity shares

(D) 780 equity shares

11. लेखा मानक - 6 किससे संबंधित है ?

(A) लेखांकन नीतियों का प्रकटीकरण

(B) स्कन्ध का मूल्यांकन

(C) रोकड़ प्रवाह विवरण

(D) मूल्यह्रास लेखांकन

12. आवेदन राशि अंश के निर्गमन मूल्य के _________ से कम नहीं होनी चाहिये (सेबी के निर्देशानुसार)।

(A) 5% (B) 10%

(C) 20% (D) 25%

13. चिट्ठे में अंशों के निर्गमन पर दिया गया बट्टा किस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है ?

(A) दृश्य सम्पत्तियाँ

(B) अदृश्य सम्पत्तियाँ

(C) चालू सम्पत्तियाँ

(D) अन्य ग़ैर-चालू सम्पत्तियाँ

14. ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि को किससे अपलिखित किया जा सकता है ?

(A) पूँजीगत लाभों से

(B) आयगत लाभों से

(C) उपरोक्त (A) एवं (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

15. ऋणपत्र शोधन कोष विनियोग के विक्रय पर होने वाले लाभ को कहाँ स्थानान्तरित किया जाता है ?

(A) ऋणपत्र शोधन कोष खाता

(B) लाभ-हानि खाता

(C) सामान्य संचय खाता

(D) पूँजी संचय खाता

16. दिया गया हैं :

| | |
|---|---|
| शोधनीय पूर्वाधिकार अंश पूंजी | ₹ 10,000 |
| सामान्य संचय | ₹ 2,100 |
| प्रतिभूति प्रीमियम | ₹ 100 |

पूर्वाधिकार अंशों का 10% प्रीमियम पर शोधन करना हैं। पूर्वाधिकार अंशों के शोधन हेतु आवश्यक न्यूनतम निर्गमित किये जाने वाले सामान्य अंशों की संख्या ज्ञात कीजिये जिनका अंकित मूल्य ₹ 10 हैं एवं 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया जायेगा।

(A) 800 सामान्य अंश

(B) 790 सामान्य अंश

(C) 1000 सामान्य अंश

(D) 780 सामान्य अंश

17. Hire purchase price is equal to :

(A) Cash price + Interest

(B) Cost + Profit + Interest

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

18. The profit earned by the company from the date of purchase to the date of incorporation is called :

(A) Pre incorporation profit

(B) Notional profit

(C) Post incorporation profit

(D) Estimated profit

19. The assets purchased from a running business by a company were valued at ₹ 54,000 and its liabilities were taken at ₹ 15,000. The amount of purchase consideration was agreed at ₹ 60,000. What is the amount of goodwill ?

(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 21,000

(C) ₹ 9,000 (D) ₹ 19,000

20. Given

Insured amount of stock = ₹ 4,000

Stock on the date of fire = ₹ 5,000

Salvaged stock = ₹ 1,000

The amount of claim receivable will be :

(A) ₹ 4,000 (B) ₹ 5,000

(C) ₹ 3,200 (D) ₹ 6,000

21. Collection of data by means of news-papers and journal is called :

(A) Classified data

(B) Secondary data

(C) Primary data

(D) None of the above

22. One of the sampling method is :

(A) Random sampling

(B) Coefficient of correlation

(C) Regression

(D) Dispersion

17. किराया क्रय मूल्य बराबर होता है :

(A) नगद मूल्य + ब्याज

(B) लागत + लाभ + ब्याज

(C) दोनों (A) एवं (B)

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

18. किसी कम्पनी द्वारा व्यापार क्रय की तिथि से समामेलन की तिथि तक का क़माया गया लाभ कहलाता है :

(A) समामेलन के पूर्व का लाभ

(B) काल्पनिक लाभ

(C) समामेलन के पश्चात् का लाभ

(D) अनुमानित लाभ

19. एक कम्पनी द्वारा किसी चालू व्यापार की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को क्रमश: ₹ 54,000 एवं ₹ 15,000 पर लिया गया। क्रय प्रतिफल की राशि ₹ 60,000 तय की गई। ख्याति की राशि क्या होगी ?

(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 21,000

(C) ₹ 9,000 (D) ₹ 19,000

20. दिया गया हैं :

बीमित स्टॉक का मूल्य = ₹ 4,000

आग लगने की तिथि को स्टॉक का मूल्य = ₹ 5,000

बचाया गया स्टॉक = ₹ 1,000

प्राप्य योग्य दावे की राशि का मूल्य होगा :

(A) ₹ 4,000 (B) ₹ 5,000

(C) ₹ 3,200 (D) ₹ 6,000

21. समाचार पत्र एवं जर्नल द्वारा प्राप्त समंक कहलाते हैं :

(A) वर्गीकृत समंक

(B) द्वितीयक समंक

(C) प्राथमिक समंक

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

22. प्रतिचयन रीति का एक प्रकार है :

(A) दैव प्रतिचयन

(B) सहसंबंध गुणांक

(C) प्रतिगमन

(D) अपकिरण

23. Prof. Sturges's formula for class interval is :

(A) $\frac{L-S}{3+3.322\ (\log.\ N)}$

(B) $\frac{S-L}{3+3.322\ (\log.\ N)}$

(C) $\frac{L-S}{1+3.223\ (\log.\ N)}$

(D) $\frac{L-S}{1+3.322\ (\log.\ N)}$

24. Formula of mode based on average relationship of average is :

(A) $Z=3M-2\overline{X}$ (B) $Z=3\overline{X}-2M$

(C) $Z=2M-3\overline{X}$ (D) $Z=2\overline{X}-3M$

25. If co-variance between X and Y series is + 48 and their respective variances are 100 and 36, find out the coefficient of correlation.

(A) + 0.8 (B) − 0.8

(C) + 0.6 (D) − 0.6

26. Calculate the coefficient of correlation if the two regression coefficients are 0.5 and 1.3.

(A) 0.18 (B) 0.08

(C) 0.81 (D) 0.65

27. Find the coefficient of skewness, if difference of two quartiles = 16, sum of two quartiles = 38 and median = 24.

(A) + 0.625 (B) − 0.652

(C) + 0.652 (D) − 0.625

28. Calculate Probable Error, if the coefficient of correlation is + 0.92 and number of pair of items are 25.

(A) 0.021 (B) 0.21

(C) 0.12 (D) 0.012

29. One type of two dimensional diagram is :

(A) Square diagram

(B) Deviation bar diagram

(C) Sliding bar diagram

(D) Double bar diagram

23. प्रोफेसर स्टर्जेस ने वर्गान्तर को ज्ञात करने का सूत्र दिया है :

(A) $\frac{L-S}{3+3.322\ (\log.\ N)}$

(B) $\frac{S-L}{3+3.322\ (\log.\ N)}$

(C) $\frac{L-S}{1+3.223\ (\log.\ N)}$

(D) $\frac{L-S}{1+3.322\ (\log.\ N)}$

24. माध्यों के औसत संबंध पर आधारित बहुलक का सूत्र है :

(A) $Z=3M-2\overline{X}$ (B) $Z=3\overline{X}-2M$

(C) $Z=2M-3\overline{X}$ (D) $Z=2\overline{X}-3M$

25. यदि X व Y श्रेणी में सहविचरण + 48 हो तथा उनके अलग 2 प्रसरण क्रमशः 100 व 36 हो तो, उनमें सह-संबंध गुणांक ज्ञात करिये।

(A) + 0.8 (B) − 0.8

(C) + 0.6 (D) − 0.6

26. यदि 2 प्रतीगमन गुणांकों के मूल्य 0.5 एवं 0.13 हो तो सह-संबंध गुणांक का मान ज्ञात करिये।

(A) 0.18 (B) 0.08

(C) 0.81 (D) 0.65

27. विषमता गुणांक की गणना करिये यदि दोनों चतुर्थकों का अंतर 16, दोनों चतुर्थकों का योग 38 व मध्यका 24 हो।

(A) + 0.625 (B) − 0.652

(C) + 0.652 (D) − 0.625

28. यदि सह-संबंध गुणांक + 0.92 तथा पद युग्मों की संख्या 25 हो तो सम्भाव्य विभ्रम ज्ञात करिये।

(A) 0.021 (B) 0.21

(C) 0.12 (D) 0.012

29. द्वि-विमा चित्र का एक प्रकार है :

(A) वर्ग चित्र

(B) विचलन दण्ड चित्र

(C) सरकन दण्ड चित्र

(D) द्विगुणी दण्ड चित्र

30. Correct formula of Index by Laspere is :

(A) $\frac{\Sigma p_1 q_1}{\Sigma p_0 q_0}\times 100$ (B) $\frac{\Sigma p_1 q_0}{\Sigma p_0 q_1}\times 100$

(C) $\frac{\Sigma p_1 q_1}{\Sigma p_1 q_0}\times 100$ (D) $\frac{\Sigma p_1 q_0}{\Sigma p_0 q_0}\times 100$

31. Which of the following is the income from Agriculture ?

(A) Income from land leased for grazing the cattle used for agricultural purposes.

(B) Rent of land let out for storing agricultural produce.

(C) Rent of land used for a flour mill.

(D) Income from sale of Gur converted from sugarcane raised on one's own field.

32. Shri Devesh owns some tea gardens in Darjeeling. He manufactures tea and earned ₹ 75,000 during the previous year. His income from agriculture will be :

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 37,500

(C) ₹ 45,000 (D) ₹ 50,000

33. Income accrued and received outside India from a business which is controlled from India is taxable in the hands of :

(A) Resident

(B) Not ordinarily Resident

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

34. Which of the following is a wholly exempted allowance ?

(A) Rural Allowance

(B) Lunch or Dinner Allowance

(C) Allowances to Judges of High Court

(D) Deputation allowance

35. On account of retirement an employee received ₹ 4,50,000 on 1st Jan. 2016, as commuted value of pension for 3/4 of his pension. How much of it will be taxable if employee also receives gratuity ?

(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 2,50,000

(C) ₹ 2,25,000 (D) ₹ 4,50,000

30. लेस्पेयर द्वारा सूचकांक का सही सूत्र है :

(A) $\frac{\Sigma p_1 q_1}{\Sigma p_0 q_0}\times 100$ (B) $\frac{\Sigma p_1 q_0}{\Sigma p_0 q_1}\times 100$

(C) $\frac{\Sigma p_1 q_1}{\Sigma p_1 q_0}\times 100$ (D) $\frac{\Sigma p_1 q_0}{\Sigma p_0 q_0}\times 100$

31. निम्न में से कौन सी कृषि आय है ?

(A) कृषि कार्यों में प्रयुक्त पशुओं को चराने के लिये पट्टे पर दी गई भूमि से आय।

(B) फसल को भण्डार करने हेतु किराये पर उठाई गई भूमि से प्राप्त किराया।

(C) आटा मिल के लिये प्रयोग में आ रही भूमि का किराया।

(D) अपनी भूमि पर पैदा गन्नो से गुड़ बनाकर बेचने से आय।

32. श्री देवेश के पास दार्जिलिंग में चाय के बगीचे हैं। वह चाय का निर्माण करता है तथा उसे गत वर्ष में ₹ 75,000 की आय हुई। उसकी कृषि आय होगी :

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 37,500

(C) ₹ 45,000 (D) ₹ 50,000

33. भारत के बाहर उपार्जित एवं प्राप्त ऐसे व्यापार की आय जो भारत से नियंत्रित होता है,__________ के लिये कर योग्य होगी।

(A) निवासी

(B) असाधारण निवासी

(C) दोनों (A) एवं (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

34. निम्न में से कौन सा भत्ता पूर्ण रूप से कर मुक्त होता है ?

(A) ग्रामीण भत्ता

(B) भोजन भत्ता

(C) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को दिये गये भत्ते

(D) प्रतिनियुक्ति भत्ता

35. कर्मचारी के सेवा निवृत्त होने पर उसे 1 जनवरी, 2016 को ₹ 4,50,000 अपनी पेंशन के 3/4 भाग के स्थान पर एक मुश्त प्राप्त हुए। इसमें से कितनी राशि कर योग्य होगी, यदि कर्मचारी को उपदान भी प्राप्त होता है ?

(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 2,50,000

(C) ₹ 2,25,000 (D) ₹ 4,50,000

36. Fair value (rent) of a house, for the year is ₹ 24,000 which was completed as on 1st June, 2015 and it was let out from 1st August 2015 at a rent of ₹ 1,500 per month. Find its annual value.
(A) ₹ 24,000 (B) ₹ 18,000
(C) ₹ 15,000 (D) ₹ 17,000

37. What is the rate of depreciation on patents as per Income Tax Act ?
(A) 25% (B) 30%
(C) 15% (D) 50%

38. Ramesh got ₹ 31,000 and ₹ 21,000 respectively from his two friends as cash gift. What will be the taxable amount of gift ?
(A) ₹ 52,000 (B) ₹ 2,000
(C) ₹ 47,000 (D) ₹ 32,000

39. Under which section of I.T. Act the deduction in respect of payment of interest on loan taken for higher education is provided.
(A) 80 E (B) 80 F
(C) 80 CCG (D) 80 G

40. Compute the tax payable by an individual assessee if his total income is ₹ 2,60,000 and agricultural income is ₹ 5,00,000.
(A) Nil (B) ₹ 1,000
(C) ₹ 1,030 (D) ₹ 10,000

41. Which of the following element is included in cost accounting ?
(A) Depreciation
(B) Preliminary expenses
(C) Donation
(D) Discount

42. Objective of cost accounting is :
(A) Cost determination
(B) Cost control
(C) Determination of sale price
(D) Above all

43. Calculate Economic Order Qty.
Annual usage : 800 units
Price per unit : ₹ 10
Cost of working capital : 10% p.a
Per order cost : ₹ 100
Cost of rent, insurance etc : ₹ 1 per unit per annum.
(A) 100 units (B) 200 units
(C) 300 units (D) 400 units

36. एक मकान जिसका उचित किराया ₹ 24,000 वार्षिक है और जो गत वर्ष में 1 जून, 2015 को बनकर तैयार हुआ है, 1 अगस्त 2015 से ₹ 1,500 प्रति माह किराये पर उठा दिया गया है तो उस मकान का वार्षिक मूल्य क्या होगा ?
(A) ₹ 24,000 (B) ₹ 18,000
(C) ₹ 15,000 (D) ₹ 17,000

37. आयकर अधिनियम के अनुसार पेटेन्ट पर ह्रास की दर क्या है ?
(A) 25% (B) 30%
(C) 15% (D) 50%

38. रमेश को उसके दो मित्रों से क्रमश: ₹ 31,000 एवं ₹ 21,000 नगद उपहार में प्राप्त हुये। उपहार की कर योग्य राशि क्या होगी ?
(A) ₹ 52,000 (B) ₹ 2,000
(C) ₹ 47,000 (D) ₹ 32,000

39. आयकर अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत उच्च शिक्षा हेतु लिये गये ऋण पर भुगतान किये गये ब्याज की कटौती मिलती है :
(A) 80 E (B) 80 F
(C) 80 CCG (D) 80 G

40. एक व्यष्टि कर दाता द्वारा देय कर की गणना करिये यदि उसकी कुल आय ₹ 2,60,000 व कृषि आय ₹ 5,00,000 हो।
(A) शून्य (B) ₹ 1,000
(C) ₹ 1,030 (D) ₹ 10,000

41. निम्न में से किस तत्व को लागत लेखांकन में शामिल करते है ?
(A) ह्रास
(B) प्रारम्भिक व्यय
(C) दान
(D) बट्टा

42. लागत लेखांकन का उद्देश्य है :
(A) लागत निर्धारण
(B) लागत नियन्त्रण
(C) विक्रय मूल्य निर्धारण
(D) उपरोक्त सभी

43. आर्थिक आदेश मात्रा ज्ञात करिये :
वार्षिक प्रयोग : 800 इकाईयाँ
प्रति इकाई मूल्य : ₹ 30
कार्यशील पूंजी की लागत : 10% वार्षिक
प्रति आदेश लागत : ₹ 100
प्रति इकाई किराया, बीमा आदि : ₹ 1 प्रति इकाई प्रति वर्ष
(A) 100 इकाईयाँ (B) 200 इकाईयाँ
(C) 300 इकाईयाँ (D) 400 इकाईयाँ

44. If a worker has produced 144 units in place of 120 units in 10 hours and normal is ₹ 10 per hour, then the remuneration according to Emerson Plan will be :

(A) ₹ 120 (B) ₹ 130

(C) ₹ 140 (D) ₹ 150

45. Which of the following do you think is the most scientific method of absorption of factory overheads ?

(A) % on direct materials

(B) % on direct labour

(C) % on prime cost

(D) Machine hour rate

46. Which method of costing is appropriate for a printing press ?

(A) Job costing

(B) Contract costing

(C) Process costing

(D) Operating costing

47. In the case of normal loss the per unit cost of production :

(A) Increases

(B) Decreases

(C) No effect

(D) None of the above

48. Given :

| | |
|---|---|
| Number of buses | 4 |
| Days operating in the month | 25 |
| Trips made by each bus per day | 6 |
| Distance of route | 30 km (one side) |
| Capacity of bus | 40 passenger |
| Normal passengers carrying | 80% of capacity |

Calculate total passenger kms :

(A) 36,000 passenger kms

(B) 14,40,000 passenger kms

(C) 11,52,000 passenger kms

(D) None of the above

49. By an increase in sales quantity the P/V ratio will :

(A) Increase

(B) Decrease

(C) No change

(D) None of the above

44. यदि एक श्रमिक ने 10 घंटों में 120 इकाइयों के स्थान पर 144 इकाइयाँ बनाई हो तथा सामान्य दर ₹ 10 प्रति घन्टा हो तो इमरसन योजना के अनुसार कुल मज़दूरी होगी :

(A) ₹ 120 (B) ₹ 130

(C) ₹ 140 (D) ₹ 150

45. कारखाना उपरिव्ययों के अवशोषण की, आपकी दृष्टि में निम्न में कौन सी विधि सर्व उपयुक्त है ?

(A) प्रत्यक्ष सामग्री पर प्रतिशत

(B) प्रत्यक्ष श्रम पर प्रतिशत

(C) मूल लागत पर प्रतिशत

(D) मशीन घण्टा दर

46. प्रिन्टिंग प्रेस के लिये लागत लेखांकन की कौन सी विधि उपयुक्त हैं ?

(A) उपकार्य लागत निर्धारण विधि

(B) ठेका लागत निर्धारण विधि

(C) प्रक्रिया लागत लेखांकन विधि

(D) परिचालन लागत निर्धारण विधि

47. सामान्य हानि की दशा में प्रति इकाई उत्पादन लागत :

(A) बढ़ती हैं

(B) घटती हैं

(C) कोई प्रभाव नहीं

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

48. दिया गया हैं :

| | |
|---|---|
| बसों की संख्या | 4 |
| महिने में संचालन दिवस | 25 |
| प्रत्येक बस द्वारा प्रति दिन की गई ट्रिप | 6 |
| मार्ग की दूरी | 30 km (एक तरफ) |
| बस की क्षमता | 40 यात्री |
| सामान्यत: आने-जाने वाले यात्री | क्षमता का 80% |

कुल यात्री किलोमीटर की गणना करिये :

(A) 36,000 यात्री किलोमीटर

(B) 14,40,000 यात्री किलोमीटर

(C) 11,52,000 यात्री किलोमीटर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

49. विक्रय की मात्रा में वृद्धि होने से लाभ-मात्रा अनुपात में :

(A) वृद्धि होगी

(B) कमी होगी

(C) कोई प्रभाव नहीं

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

50. Given :

Fixed cost ₹ 40,000

Variable cost per unit ₹ 2

Selling price per unit ₹ 10

Break Even Point will be :

(A) 5,000 units
(B) ₹ 50,000
(C) Both (A) and (B)
(D) 4,000 units

51. The main object of an audit is :

(A) Expression of an expert opinion
(B) Detection and Prevention of fraud and error
(C) Both (A) and (B)
(D) Depends on the type of audit

52. An auditor is like a :

(A) Bloodhound
(B) Watch Dog
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

53. Audit of banks is an example of :

(A) Statutory audit
(B) Balance sheet audit
(C) Concurrent audit
(D) All of the above

54. Test checking refers to :

(A) Testing of Accounts and records
(B) Checking of selected number of transactions
(C) Examination of adjusting and closing entries
(D) Checking of all transactions recorded

55. 'Auditor is not a valuer', was stated in :

(A) Kingston cotton mills case
(B) London oil storage co. case
(C) London and General Bank case
(D) None of the above

56. Management Accounting is a framework for :

(A) For Accounting
(B) For Cost Accounting
(C) For Decision Making
(D) For Management

50. दिया गया हैं :

स्थिर लागत ₹ 40,000

प्रति इकाई परिवर्तनशील लागत ₹ 2

प्रति इकाई विक्रय मूल्य ₹ 10

समविच्छेद बिन्दु होगा :

(A) 5,000 इकाइयाँ
(B) ₹ 50,000
(C) उक्त दोनों (A) तथा (B)
(D) 4,000 इकाइयाँ

51. अंकेक्षण का मुख्य उद्देश्य होता है :

(A) विशेषज्ञ की राय की अभिव्यक्ति
(B) गलती एवं कपट को ढूंढ़ना व रोकना
(C) दोनों (A) तथा (B)
(D) अंकेक्षण के प्रकार पर निर्भर करता है

52. एक अंकेक्षक की स्थिति होती हैं :

(A) खोजी कुत्ते की तरह
(B) रखवाली करने वाले कुत्ते की तरह
(C) दोनों (A) तथा (B)
(D) उपरोक्त में कोई नहीं

53. बैंक अंकेक्षण उदाहरण है :

(A) वैधानिक अंकेक्षण का
(B) चिट्ठा अंकेक्षण का
(C) समवर्ती अंकेक्षण का
(D) उपरोक्त सभी

54. परीक्षण जांच से आशय है :

(A) लेखा एवं अभिलेखों की जांच
(B) चयनित व्यवहारों की जांच
(C) समायोजन एवं अन्तिम प्रविष्टियों का परीक्षण
(D) अभिलेखित समस्त व्यवहारों की जांच

55. 'अंकेक्षक एक मूल्यांकनकर्त्ता नहीं हैं' यह कथन किस दावे से संबंधित है ?

(A) Kingston cotton mills case
(B) London oil storage co. case
(C) London and General Bank case
(D) उपरोक्त में कोई नहीं

56. प्रबन्ध लेखांकन एक ढांचा है :

(A) लेखांकन के लिये
(B) लागत लेखांकन के लिये
(C) निर्णयन के लिये
(D) प्रबन्ध के लिये

57. The analysis of financial statements by share holders and debenture holders is an example of :

(A) Internal Analysis
(B) External Analysis
(C) Horizontal Analysis
(D) Vertical Analysis

58. If current ratio is 3 : 1, stock ₹ 80,000 and current liabilities ₹ 1,50,000 : The liquid ratio will be :

(A) 37 : 15 (B) 15 : 37
(C) 8 : 15 (D) 15 : 8

59. A firm had current assets of ₹ 1,50,000. It then paid a current liability of ₹ 30,000. After the payment the current ratio was 2 : 1. What were the current liabilities before the payment was made ?

(A) ₹ 1,20,000
(B) ₹ 90,000
(C) ₹ 60,000
(D) None of the above

60. Calculate Financial leverage from the following :

Sales = ₹ 50,000
P/V ratio = 50%
Fixed cost = ₹ 15,000
Interest = ₹ 5,000

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 2.5

61. Given :

Outlay = ₹ 10,000
Annual cash inflow
(after tax but before dep.) = ₹ 1750
Estimated life = 10 years
Salvage value = ₹ 4000

Calculate average rate of return on initial investment.

(A) 11.5% (B) 7.5%
(C) 17.5% (D) 23.5%

62. Increase in working capital means :

(A) Sources of funds
(B) Application of funds
(C) Loss from operation
(D) Funds from operation

57. अंशधारियों एवं ऋणपत्र धारियों द्वारा वित्तीय विवरणों का विश्लेषण निम्न में से किसका उदाहरण है ?

(A) आन्तरिक विश्लेषण
(B) बाहरी विश्लेषण
(C) क्षैतिज विश्लेषण
(D) खड़ा विश्लेषण

58. यदि चालू अनुपात 3 : 1 है, stock ₹ 80,000 और चालू दायित्व ₹ 1,50,000 हो तो तरल अनुपात होगा :

(A) 37 : 15 (B) 15 : 37
(C) 8 : 15 (D) 15 : 8

59. एक फर्म की चालू सम्पत्तियाँ ₹ 1,50,000 थी। इसने चालू दायित्व का ₹ 30,000 का भुगतान किया। भुगतान के पश्चात् चालू अनुपात 2 : 1 था। भुगतान के पूर्व चालू दायित्वों का मूल्य क्या था ?

(A) ₹ 1,20,000
(B) ₹ 90,000
(C) ₹ 60,000
(D) उपरोक्त में कोई नहीं

60. निम्न से वित्तीय उत्तोलक ज्ञात करिये :

विक्रय = ₹ 50,000
लाभ-मात्रा अनुपात = 50%
स्थिर लागत = ₹ 15,000
ब्याज = ₹ 5,000

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 2.5

61. दिया गया हैं :

विनियोग = ₹ 10,000
वार्षिक रोकड़ अन्तर्वाह
(कर के पश्चात लेकिन ह्रास से पूर्व) = ₹ 1750
अनुमानित जीवन = 10 वर्ष
अवशेष मूल्य = ₹ 4000

प्रारम्भिक विनियोग पर औसत प्रत्याय दर ज्ञात करिये :

(A) 11.5% (B) 7.5%
(C) 17.5% (D) 23.5%

62. कार्यशील पूंजी में वृद्धि से आशय है :

(A) कोष का प्रवाह
(B) कोष का प्रयोग
(C) परिचालन से हानि
(D) परिचालन से कोष

63. Which of the following is the use of fund ?

(A) Purchase of Machine

(B) Redemption of Debentures

(C) Payment of Dividend

(D) All the above

63. निम्न में से कौन सा कोष का प्रयोग है ?

(A) मशीन का क्रय

(B) ऋणपत्रों का शोधन

(C) लाभांश का भुगतान

(D) उपरोक्त सभी

64. The goods are transferred from Deptt. A to Deptt. B at selling price which includes a profit of 25% on cost. What will be the amount of unrealised profit if the closing stock of Deptt. B is ₹ 25,000.

(A) ₹ 4,000 (B) ₹ 6,250

(C) ₹ 5,000 (D) ₹ 8,333

64. विभाग A से विभाग B को माल विक्रय मूल्य पर स्थानान्तरित किया जाता है जिसमें लागत मूल्य पर 25% लाभ सम्मिलित हैं। विभाग B के अन्तिम स्टॉक ₹ 25,000 में न वसूल हुए लाभ की राशि क्या होगी।

(A) ₹ 4,000 (B) ₹ 6,250

(C) ₹ 5,000 (D) ₹ 8,333

65. What is the formula of valuation of Goodwill by capitalisation of super profit ?

(A) $\left[\frac{\text{Super Profit}}{\text{Normal Rate of Return}} \times 100\right] - \text{Capital Employed}$

(B) $\frac{\text{Super Profit}}{\text{Capital Employed}} \times 100$

(C) $\frac{\text{Super Profit}}{\text{Normal rate of return}} \times 100$

(D) Above (B) and (C)

65. अधिलाभों के पूंजीकरण द्वारा ख्याति का मूल्य ज्ञात करने का सूत्र क्या है ?

(A) $\left[\frac{\text{अधिलाभ}}{\text{सामान्य प्रत्याय दर}} \times 100\right] - \text{विनियोजित पूँजी}$

(B) $\frac{\text{अधिलाभ}}{\text{विनियोजित पूँजी}} \times 100$

(C) $\frac{\text{अधिलाभ}}{\text{सामान्य प्रत्याय दर}} \times 100$

(D) उपरोक्त (B) एवं (C)

66. The capital of X Ltd. is ₹ 55,00,000 divided into 5,50,000 equity shares of ₹ 10 each. On 31st March 2017 the reserves were ₹ 80,00,000. Out of this reserve, the company issued two bonus shares for every five equity shares held. Find out the value of share after the issue of bonus share.

(A) ₹ 10 (B) ₹ 10.39

(C) ₹ 7.14 (D) ₹ 17.53

66. एक्स लिमिटेड की पूंजी ₹ 55,00,000 है जो ₹ 10 वाले 5,50,000 अंशों में विभाजित हैं। 31 मार्च 2017 को इसके संचय ₹ 80,00,000 के थे। इस संचय में से कम्पनी प्रत्येक 5 धारित अंशों के लिये 2 बोनस अंश निर्गमित करती है। बोनस अंशों के निर्गमन के पश्चात अंश का मूल्य क्या होगा ?

(A) ₹ 10 (B) ₹ 10.39

(C) ₹ 7.14 (D) ₹ 17.53

67. A Railway Station originally built in 1990 for ₹ 15,00,000 is to be replaced by new one. The cost of new construction is ₹ 60,00,000. It is estimated that the construction cost has gone up by 150% mean time. Find out the amount to be charged to revenue and capital.

(A) ₹ 37,50,000 and ₹ 22,50,000

(B) ₹ 37,00,000 and ₹ 22,00,000

(C) ₹ 38,00,000 and ₹ 23,00,000

(D) ₹ 22,50,000 and ₹ 37,50,000

67. एक रेल्वे स्टेशन 1990 में मूल रूप से ₹ 15,00,000 में बनाया गया था जिसे पुनर्स्थापित किया जाना है। नये निर्माण की कुल लागत ₹ 60,00,000 है। यह अनुमान लगाया जाता है कि तब से निर्माण की लागत 150% से बढ़ गई है। रेवेन्यू व पूँजी में चार्ज की जाने वाली राशि की गणना करिये।

(A) ₹ 37,50,000 एवं ₹ 22,50,000

(B) ₹ 37,00,000 एवं ₹ 22,00,000

(C) ₹ 38,00,000 एवं ₹ 23,00,000

(D) ₹ 22,50,000 एवं ₹ 37,50,000

68. The balance left in Capital Reduction account after writting off all the accumulated losses is transferred to :

(A) Share Capital A/c

(B) Capital Reserve A/c

(C) General Reserve A/c

(D) Share Capital A/c

69. When amalgamation is in the nature of merger, the accounting method to be followed is :

(A) Equity method

(B) Purchases method

(C) Pooling of interest method

(D) Consolidated method

70. 'Contributories of list A' means :

(A) Present members

(B) Creditors

(C) Debenture holders

(D) Convertible debentures

-oOo-

68. 'पूंजी कमी' खाते से समस्त एकत्रित हानियों को अपलिखित करने के पश्चात बचे शेष को जिस खाते में स्थानान्तरित किया जाता है वह है :

(A) अंश पूँजी खाता

(B) पूँजी संचय खाता

(C) सामान्य संचय खाता

(D) प्रतिभूति प्रीमियम खाता

69. विलय के स्वभाव वाले एकीकरण की दशा में कौन सी लेखांकन विधि का प्रयोग किया जाता है ?

(A) इक्विटी विधि

(B) क्रय विधि

(C) हितो की एकीकरण विधि

(D) समेकन विधि

70. 'अ' सूची के अंशदाताओं से आशय है :

(A) वर्तमान सदस्य

(B) लेनदार

(C) ऋणपत्र धारी

(D) परिवर्तनीय ऋणपत्र

-oOo-

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह